SWIS-H
STATEWIDE INFANT SCREENING - HEARING

मेरे बच्चे को बहरेपन की नैदानिक जाँच के लिए सीधा ही क्यों भेजा जा रहा है?

आपके बच्चे की उसके जीवन के पहले कुछ सप्ताहों में, स्वास्थ्य से संबंधित, एक के बाद एक कई जाँच की जाएँगी। इनमें से एक जाँच बहरेपन से संबंधित होगी।

सुनने की शक्ति संबंधी जाँच, जन्म के बाद जल्द से जल्द की जाएगी। पर, कुछ बच्चों के लिए यह जाँच उपयुक्त नहीं है क्योंकि हो सकता है कि इनमें यह जाँच सही न हो। इन बच्चों को बहरेपन की नैदानिक जाँच के लिए सीधा ही श्रवण-विज्ञानी (Audiologist), जो सुनने की शक्ति संबंधी समस्याओं का विशेषज्ञ होता है, के पास भेजा जाता है।

मेरे बच्चे को नैदानिक जाँच के लिए सीधा ही क्यों भेजा गया है?

सीधा भेजे जाने के कुछ कारण इस प्रकार हैं:

- अट्रेसिया (कान की नली का न होना)
- माईक्रोशिया (अधूरा या अविकसित कान होना)
- जिवाणु या विशाणु मैनिन्जाईटिस का होना (पुष्टित या आशंकित)
- ओंठ/तालू में छेद होना
- डाउन सिंड्रोम (Down Syndrome) होना

जो बच्चे इन्टेंसिव देख-भाल में रहते हैं, उन्हें भी समन्वयकर्त्ता द्वारा, बाल-विशेषज्ञ से सलाह के बाद, बहरेपन की नैदानिक जाँच के लिए सीधा भेजा जा सकता है, चाहे सुनने की क्षमता की जाँच वे पहले ही करवा चुके हों।

करीब 1000 नवजात शिशुओं में से एक या दो की सुनने की क्षमता काफ़ी कम होती है।

जल्द से जल्द यह जानना आवश्यक है कि आपके बच्चे की सुनने की शक्ति कितनी अच्छी है, जिससे कि आपको व आपके बच्चे को सही सलाह व सहायता मिल सके।

यदि आप अस्पताल से 100 कि॰ मी॰ से अधिक दूरी पर रहते हैं तो जिस व्यक्ति ने यह पुस्तिका आपको दी है, उससे SWIS-H यात्रा सहायता योजना के बारे में जानकारी लें।

नैदानिक जाँच के विषय में जानकारी के लिए, जिस व्यक्ति ने यह पुस्तिका आपको दी है, उससे 'मेरे बच्चे को नैदानिक जाँच की आवश्यकता क्यों है?' ('Why does my baby need a diagnostic assessment?') पुस्तिका माँगें।

अधिक जानकारी के लिए कृपया नीचे दी गई वेबसाईट पर देखें:

http://www.health.nsw.gov.au/kids-families

स्थानीय संपर्क / मिलने का विवरण

स्वास्थ्य संबंधी सलाह के लिए हैल्थ डायरेक्ट ऑस्ट्रेलिया से
http://www.healthdirect.gov.au/
(healthdirect Australia) पर
या 1800 022 222 पर संपर्क करें

Hindi - Why has my baby been referred directly for a diagnostic audiology assessment?

NSW GOVERNMENT Health

© NSW Health September 2016   SHPN (NKF) 150309